झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड के अन्तर्गत निदेशक, गव्य विकास, झारखण्ड (गैर संवर्गीय) के एकल पद पर नियुक्ति के संबंध में आवश्यक सूचना।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड के अन्तर्गत निदेशक, गव्य विकास, झारखण्ड (गैर संवर्गीय) के **एकल** पद पर नियुक्ति हेतु पूर्व के विज्ञापन संख्या–12/2022 को रद्द करते हुए इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाने के निमित्त **पुनर्विज्ञापन संख्या–07/2023** का प्रकाशन किया गया है, जो आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

2. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु तिथि एवं अन्य निदेश निम्नांकित हैः–

1.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि	दिनांक–17.04.2023 से दिनांक–17.05.2023 तक
2.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–17.05.2023 समय–अपराह्न 11:45 बजे तक
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	दिनांक–19.05.2023 समय–अपराह्न 11:45 बजे तक
4.	हार्ड–कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक–06.06.2023 समय–अपराह्न 05:00 बजे तक

3. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन, ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

4. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. +919431301636 एवं +919431301419 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 बजे से अपराह्न–5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

5. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक-II,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।